श्याम झोली भर दे | By Mukesh Bagda

भरदे रे श्याम झोली भर दे भर दे
ना बेहलाओ बातों में

दिन बीते बीती रातें
अपनी कितनी हुई रे मुलाकातें
तुझे जाना पहचाना
तेरे झूठे हुए रे सारे वाडे
भूले रे श्याम तुम तो भूले
क्या रखा है बातों में

नादान है अनजान है
श्याम तू ही मेरा भगवान् है
तुझे चाहूँ तुझे पाऊं
मेरे दिल का यही अरमान है
पढ़ ले रे श्याम दिल की पढ़ ले पढ़ ले
सब लिखा है आँखों में

मेरी नैया ओ कन्हैया
पार करदे तू बनके खिवैया
मैं तो हारा ग़म का मारा
आजा आजा ओ बंसी के बजैया
लेले रे श्याम अब तो लेले लेले
मेरा हाथ हाथों में

तू है मेरा मैं हूँ तेरा
मैंने डाला तेरे दर पे डेरा
नुझे आस है विश्वास है
श्याम भर देगा दामन तू मेरा
झूमे रे श्याम नंदू झूमे झूमे
झूमे तेरी बांहो में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9d%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/